हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 25 सितंबर 2025



04 350 रुपए के लेनदेन में हसिया मारकर कर की...



08 कलेक्टर ने रहटगांव में शिक्षा और स्वास्थ्य...






## खबर संक्षेप

### खाद की कालाबाजारी करने पर मामला दर्ज

**नर्मदापुरम।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास नर्मदापुरम ने बताया कि बगैर लायसेंस के एवं अधिक दाम पर यूरिया, डी.ए.पी. उर्वरक विक्रय करते पाए जाने पर ग्राम रायपुर निवासी मोहन मदनलाल खंडेलवाल के विरूद्ध पुलिस थाना-देहात में प्राथमिकी दर्ज की गई है। 3 सितम्बर को तहसीलदार नर्मदापुरम (ग्रामीण) दल के साथ मोहन खंडेलवाल, निवासी ग्राम रायपुर की घानावड क्षेत्र में फोरलेन के समीप स्थान दुकान में जांच के दौरान मोहन मदनलाल खंडेलवाल द्वारा कृषक अभयराम को 300 रूपए प्रति बोरी यूरिया बेचते हुए पाया गया, मौके पर दुकान के भीतर डीएपी. 92 बोरी एवं यूरिया 78 बोरियां भंडारित पाई गई तथा दुकानदार मोहन खंडेलवाल के पास खाद-उर्वरक बेचने का कोई लायसेंस नहीं पाया गया।

### जिले में 7 दिवसीय भर्ती शिविरों का आयोजन

**नर्मदापुरम।** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड, नीमच द्वारा जिले के ग्रामीण एवं शहरी शिक्षित युवाओं के लिए सुरक्षा सैनिक पदों पर भर्ती केम्पों का आयोजन किया जा रहा है।

### ग्राम सिंगवाड़ा के समीप 17 सितंबर 2025 को एक मगरमच्छ मृत मिला था

# पकड़ाए मगरमच्छ के शिकारी, मछली मारने नहर में लगाया था करंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

ब्लॉक सोहागपुर अंतर्गत ग्राम सिंगवाड़ा के समीप 17 सितंबर 2025 को एक मगरमच्छ मृत पाया गया था। मामले में वन विभाग ने सघन जांच उपरांत दो आरोपियों को पकड़ा है तथा न्यायालय में पेश किया है। मामले में वन विभाग की ओर से बुधवार शाम प्रेस नोट जारी किया गया है। जिसके अनुसार घटना के बाद कार्यवाही के लिये मुख्य वन संरक्षक वनवृत्त नर्मदापुरम अशोक कुमार, वन मंडलाधिकारी मयंक गुर्जर तथा उप वन मंडल अधिकारी मानसिंह मरावी के मार्गदर्शन में एक टीम तैयारी की गई थी। जिसका नेतृत्व वन परिक्षेत्र अधिकारी सुमित पांडे ने किया। दल ने गश्ती के दौरान ग्राम सिंगवाड़ा के लीलाबाई नायक के खेत में मगरमच्छ मृत पड़ा मिला। था जिसके बांए पैर में बांस से एक जीआई तार से बंधा पाया गया था। मृत मगरमच्छ के समस्त अंग सुरक्षित थे।

ग्राम सिंगवाड़ा के समीप 17 सितंबर को एक मगरमच्छ मृत पाया गया था। टीम ने दो आरोपियों को पकड़ा है।



### पेस्टीसाईड की मिली खाली बॉटल

रेंज आफिसर सुमित पांडे व उनकी टीम ने लगातार सर्चिंग की तथा डॉग स्क्वॉड एवं मैदानी अमले के माध्यम से आसपास के क्षेत्र में सघन जांच शुरू की गई। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर घटनास्थल से लगभग 50 मीटर की दूरी पर पेस्टिसाइड्स के तीन खाली डिब्बों सहित बिजली का तार मिला। सामग्री का जप्तीनामा बनाकर मौका पंचनामा तैयार किया गया तथा वन अपराध क्रमांक 13710/61 जारी किया गया।

### नहीं मिला अभी तक बाघ का गुम पंजा

दूसरी ओर तवा के बैकवॉटर क्षेत्र में शिकार हुए बाघ का पंजा अभी तक नहीं मिला है। टीम पंजे की तलाश में जुटी हुई है। लगातार विभाग द्वार सर्चिंग की जा रही है वहीं आसपास के क्षेत्र में भी लोगों से पूछताछ की जा रही है लेकिन अभी तक टीम को कोई सुराग नहीं मिले।

### मछली मारना था

प्रकरण की विवेचना दौरान वन टीम ने मुखबिर की सूचना पर 23 सितंबर 2025 को दो संदिग्ध व्यक्तियों ओमप्रकाश पुत्र रमेश मर्सकोले तथा उत्तम पुत्र किशन उइके दोनों निवासी ग्राम सिंगवाड़ा तहसील सोहागपुर को पकड़ा गया। तथा पूछताछ के लिये निरीक्षण कुटीर सोहागपुर लाया गया। जहां उन्होंने अपना जुर्म स्वीकार किया। दोनों ने बताया कि उन्होंने नहर के पानी में मछली मारने के लिए बिजली के खंभे से डोरी खींचकर करंट लगाया था। इस करंट से ही मगरमच्छ की मृत्यु हुई। दोनों ही आरोपियों की स्वीकारोक्ति के बाद अपराध वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 2, 9, 39, 50 तथा 51 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज करते हुए आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

## लघु एवं कुटीर उद्योगों पर जागरूकता व्याख्यान आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर जिला नर्मदापुरम के द्वारा दिये गए निर्देशानुसार शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय नर्मदापुरम मे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन के मार्गदर्शन में स्थानीय लघु एवं कुटीर उद्योगों के प्रति जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ कामिनी जैन ने बताया कि लघु एवं कुटीर उद्योग भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए रीढ़ की हड्डी के समान हैं, जो रोजगार सृजन, ग्रामीण क्षेत्रों के विकास, महिला सशक्तिकरण, राष्ट्रीय आय में वृद्धि और आयात पर निर्भरता कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये उद्योग कम पूंजी में अधिक लाभ देते हैं, स्थानीय संसाधनों का उपयोग करते हैं, पर्यावरण अनुकूल होते हैं और ग्रामीण आबादी को शहरी पलायन से रोकते हैं, जिससे आर्थिक और सामाजिक विकास को बढ़ावा मिलता है। लघु उद्योंगो का बढ़ावा देने के लिए वंषानुगत उद्योगों में आधुनिक तकनीकि का उपयोग करके आर्थिक उपार्जन बढ़ाया जा सकता है।

स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्षन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. संगीता अहिरवार ने बताया कि लघु उद्योग में नवाचार की अधिक संभावनाएं होती है तथा वे नई तकनीकों एवं बिचारों को अपनाने में अग्रणी होते है। इस अवसर पर डॉ. मनीषा तिवारी एवं डॉ. दुर्गेष तेली ने भी अपना मार्गदर्षन दिया। कार्यक्रम डॉ हर्षा चचाने, डॉ. विजया देवासकर, कु पूजा गोस्वामी एवं बड़ी संख्या मे महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रही।

## नर्मदा कॉलेज में चला स्वच्छता अभियान, किया गया पौधरोपण





हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग और इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा 2 अक्टूबर 2025 तक सेवा पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है। शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ आर के चौकसे के निर्देशन में रेड क्रॉस समिति द्वारा सेवा पखवाड़े के तहत विभिन्न सामाजिक और जन सेवा कार्य किये जा रहे हैं। बुधवार को महाविद्यालय की रेड क्रॉस समिति के सदस्यों ने विवेकानंद घाट और उसके आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाने और गंदगी हटाने में अपना योगदान दिया। साथ हीस्वयंसेवकों पौधारोपण भी किया। इस दौरान सदस्यों द्वारा घाट किनारे दुकानदारों और श्रृद्धालुओं से सफाई रखने की अपील भी की।

स्वच्छता अभियान में महाविद्यालय रेडक्रॉस समिति के नोडल अधिकारी डॉ धर्मेंद्र कुमार कोरी, डॉ दिवाकर महोबिया डॉ अंजना यादव आदि शामिल रहे।

## नपा के हाका दल ने मवेशियों को किया नगर सीमा से बाहर



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर के यातायात में व्यवधान उत्पन्न कर रहे नगर में बेसहारा घूमते हुए पशुओं को आज नगरपालिका के हांका दल द्वारा पकड़कर नगर सीमा से बाहर किया गया। इस दौरान पशु पालकों को समझाइश दी गई। हाका दल प्रभारी गगन सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर नवरात्रि के पावन पर्व पर पैदल यात्रियों की सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए आवारा पशुओं को पकड़कर नगरीय सीमा से बाहर किया जा रहा है। बुधवार को नगर के विभिन्न क्षेत्रों में बैठे आवारा 29 सांडों को पकड़कर नगर सीमा से बाहर छोड़ा गया। इस कार्रवाई में हांका दल के गगन सोनी के साथ मुकेश शर्मा,दिलीप केवट, शिवम केवट, शिवम मालवीय, संदीप वर्मा, मोहन केवट, प्रेम लश्करी, मनोज गोगले, संजय मेषकर, अभिषेक केवट, तरुण शुक्ला, विशाल मालवीय आदि उपस्थित रहे।

## एशियाई स्विमिंग चैंपियनशिप की कोर कमेटी में शामिल हुए शर्मा

**नर्मदापुरम।** जिले में 2025 हेतु मध्यप्रदेश तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा को आयोजन कोर कमेटी में एवं सचिव जय वर्मा, दिलीप जोशी को तकनीकी अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है, जबकि रामकुमार खिलरानी को आयोजन उपसमिति में शामिल किया गया है। साथ ही संघ के कोषाध्यक्ष योगेंद्र सिंह राठौड़ एवं अखिलेश पाठक को विशेषतः आमंत्रित किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए मध्यप्रदेश तैराकी संघ के सचिव जय वर्मा ने बताया कि 11 वीं एशियाई स्विमिंग चैंपियनशिप 2025 का आयोजन अहमदाबाद गुजरात में दिनांक 28/9/2025 से 11/10/2025 तक किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में तैराकी, डायविंग, वाटर पोलो, एवं आर्टिस्टिक स्विमिंग चैंपियनशिप में 30 देशों के एथलीट भाग लेंगे, चयनित प्रदाधिकारियों को संघ के समस्त पदाधिकारी गणों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



## समेरिटंस स्कूल के तीन एनसीसी कैडेट का आरडीसी के लिए हुआ चयन, दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्यप्रदेश बटालियन 13/5 से संबद्ध समेरिटंस हायर सेकंडरी स्कूल के दो जेडी देवांश दीवान, अक्षांश तिवारी एवं एक जे डब्लू अनुश्री शुक्ला का चयन आरडीसी के लिए हुआ है। कमान अधिकारी कर्नल एसपी सिंह के दिशा निर्देश में भोपाल में ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर आशीष रिखये द्वारा कैडेट्स की सांस्कृतिक प्रस्तुति को सराहा। इसमें 13 एमपी की एस डब्लू प्रियंविका जाट भी शामिल है। पूर्व में इन केडेट्स ने नर्मदा महाविद्यालय में प्रस्तुति दी। उसके बाद बटालियन स्तर का प्रदर्शन भोपाल में हुआ, जहां उनका चयन हुआ। अब ये सभी एनसीसी केडेट्स एमपी छत्तीसगढ़ डायरेक्टेड टीम में अपनी जगह बनाने के लिए भोपाल में 24 सितम्बर से आयोजित कैंप में अपना अभ्यास जारी रखेंगे। इनको सहयोग प्रदान करने में सूबेदार मेजर राजवीर सिंह, वीएचएम पूरन



मिश्रा, हवलदार भंवर, अजीत आदि का विशेष योगदान रहा। इस उपलब्धि पर संस्था संचालन समिति सदस्यों, प्राचार्य प्रेरणा रावत, एनसीसी मैनेजर प्रदीप यादव, सेकेंड अफसर विजय प्रकाश श्रीवास्तव, एनसीसी केयर टेकर आफिसर स्नेहा उपाध्याय ने खुशी जाहिर कर बधाई शुभकामनाएं दीं।

## पैदल यात्रियों के लिए उपलब्ध हो रहा उपचार

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार नवरात्रि पर्व पर सलकनपुर धाम की ओर जाने वाले पैदल श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जिला प्रशासन, जनसहयोग एवं रेडक्रॉस के संयुक्त प्रयासों से नगरीय क्षेत्र में 3 शिविर स्थापित किए गए हैं। इन शिविरो में श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, फलाहार, भोजन के साथ साथ प्राथमिक उपचार हेतु दवाइयों की व्यवस्था की गई है। उल्लेखनीय है कि सलकनपुर धाम के लिए पैदल यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को मार्ग के बीच में चोट लगे, स्वास्थ्य बिगड़ने आदि अन्य किसी भी प्रकार की चिकित्सा सुविधा को उपलब्ध कराने के लिए इन शिविरों को स्थापित किया गया है। उक्त शिविर वरदान गार्डन, एनएमवी कॉलेज एवं परमश्री मैरिज गार्डन के सामने लगाए गए हैं।

### श्रीराम लीला महोत्सव जारी, कलाकार दे रहे प्रस्तुतियां

## 'मेरे पास है केवल इक नईया, सारे कुटुम्ब की पालन हारी नाव बनी यदि नार तो आएगा मुझ निर्धन पर संकट भारी'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

श्री रामलीला महोत्सव में बुधवार को दशरथ मरण केवट संवाद की लीला का मंचन किया गया। जिसमें बताया गया है कि प्रभु श्रीराम लक्ष्मण और सीताजी से वनवास के मार्ग में कोल भीलों के प्रमुख निषाद राज से भेंट होती है वे उन्हें वन गमन पथ से गंगा जी के तट पर ले आते हैं जहां श्रीराम -केवट प्रसंग की मार्मिक प्रस्तुति की गई , केवट उन्हें नाव में बैठाकर गंगा पार करवातें हैं। इस दृश्य को मंच के समीप माँ नर्मदा के जल में नाव में



जीवंत झांकी में प्रदर्शित किया गया। यहां अयोध्या में श्रीराम के वियोग में राजा दशरथ प्राण त्याग देते हैं गुरु वशिष्ठ जी के ननिहाल से भरत और शत्रुघ्न को बुलवाते हैं , श्री भरत को जब श्रीरामजी के वनवास की पूरी जानकारी मालूम होती है तब वे माता कैकई से रुष्ठ होतें हैं तब माता कौशल्या उनको समझातीं हैं। श्री वशिष्ठ जी राजा दशरथ की अंत्येष्टि श्री भरत जी से करवातें हैं तथा राज समाज के समक्ष श्रीभरत जी को बुलवाकर उचित शिक्षा देते हैं। आज की लीला में प्रतीक दुबे ने श्रीराम, यश शुक्ला ने जानकी, अक्षय मिश्रा ने लक्ष्मण, समर्थ तिवारी ने भरत, शिवाय शुक्ला ने शत्रुघ्न, मनोज परसाई ने निषाद, दीपेश व्यास ने केवट, दीपक यादव ने भील, अमित यदुवंशी ने कैकयी और विनोद परसाई ने सुमन्त की भूमिका निभाई।




**खबर संक्षेप**

### कैट की जिला इकाई की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आज

**बैतूल।** कैट बैतूल की नव नियुक्त जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आज 25 सितंबर को रिलायंस ट्रेंड्स, ग्राउंड फ्लोर, सिविल लाईन बैतूल में दोपहर 01 बजे सम्पन्न होगा। उक्त शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि दुर्गादास उइके भारत सरकार के जनजातीय मामलों के राज्यमंत्री, नई दिल्ली एवं सांसद बैतूल होगे। कार्यक्रम के बारे में प्रचार सचिव हेमंत पगारिया ने बताया कि अध्यक्षता बीसी भरतिया, राष्ट्रीय अध्यक्ष कैट, विशिष्ठ अतिथि रमेश रमेशचंद गुप्ता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैट, राजकुमार खंडेलवाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैट, मध्यप्रदेश एवं राजीव खंडेलवाल प्रदेश महामंत्री कैट, मध्यप्रदेश शामिल होगें। शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम में कैट जिला इकाई द्वारा बैतूल की गौरव दुर्गा यादव का भी सम्मान किया जाएगा। जिनका चुनाव भारतीय दृष्टिहीन महिला ब्लाइंड टी -20 क्रिकेट टीम में हुआ है, जो नवंबर में शुरू हो रही वल्ड कप में भाग लेने जा रही हैं। कैट जिला इकाई के अध्यक्ष मनोज भार्गव एवं सचिव दीपक खुराना ने समस्त सदस्यों से इस कार्यक्रम में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत श्रमदान कार्यक्रम आज



**सारनी।** नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत बुधवार को भी वार्डों और स्कूलों में कार्यक्रम हुए। स्वच्छोत्सव के तहत एक दिन, एक घंटा, एक साथ स्वच्छता के लिए श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन छठ घाट पर गुरुवार 25 सितंबर को सुबह 8 बजे से होगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के. मेश्राम ने बताया कि स्वच्छोत्सव, स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत निकाय क्षेत्र में लगातार गतिविधियां संचालित कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। लोगों को अभियान से जोड़ा जा रहा है।

आरोपी गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त हथियार हसिया भी बरामद

# 350 रुपए के लेनदेन में हसिया मारकर कर की थी युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

खेत पर घास काटने गए व्यक्ति की हत्या कर फरार हुए आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने बताया कि उसने मृतक को 350 रूपये उधार दिये थे। रूपये मांगने पर मृतक द्वारा इंकार व गाली-गलौज करने पर दोनों में विवाद हो गया। झूमाझटकी के दौरान आरोपी ने मौके पर रखे हसिए से मृतक के सिर पर वार किया तथा पैरों से छाती पर प्रहार किया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 17 सितंबर को फरियादी हेमराज आलोने निवासी सूरगांव ने थाना बैतूल बाजार में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके पिता देवराव आलोने सुबह करीब 6.30 बजे खेत में घास काटने गए थे। उसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने धारदार हथियार से प्राणघातक हमला कर उनकी हत्या कर दी। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक अंजना धुर्वे मय पुलिस स्टाफ के घटनास्थल पर पहुंचे। मृतक के शरीर पर गंभीर चोटें मिलने से प्रथम दृष्टया हत्या का प्रतीत होने पर घटनास्थल का सुरक्षित कर वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया। विवेचना के दौरान थाना प्रभारी बैतूल बाजार द्वारा हत्या के प्रकरण का मामला पंजीबद्ध कर धारा 103(1) बीएनएस में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया।




**एसपी ने स्वयं किया था घटना स्थल का मुआयना**

बैतूल सुनील लाटा एवं प्रभारी सीन ऑफ क्राइम निरीक्षक आबिद अंसारी, थाना प्रभारी बैतूल बाजार निरीक्षक अंजना धुर्वे के साथ डॉग स्क्वाड द्वारा घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण कर साक्ष्य संकलन किया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेंद्र जैन द्वारा स्वयं घटनास्थल पहुंचकर घटना के संबंध में परिजनों से पूछताछ की गई एवं आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी बैतूल बाजार को निर्देशित किया गया।

### आरोपी ने बताया रुपए के लेनदेन को लेकर की हत्या

गहन विवेचना एवं लगातार पूछताछ के दौरान संदेही कचरू उर्फ कचरया पिता मधू बेनाइत निवासी सुरगांव से सख्ती से पूछताछ की गई। आरोपी ने बताया कि मृतक देवराव से उसने 350 रुपए उधार दिए थे, रुपये मांगने पर मृतक द्वारा इंकार करने व गाली-गलौज करने पर दोनों में विवाद हो गया। झूमाझटकी के दौरान आरोपी ने मौके पर रखे हसिए से मृतक के सिर पर वार किया तथा पैरों से छाती पर प्रहार किया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद आरोपी ने प्रयुक्त हथियार हसिया एवं अपने कपड़े नदी किनारे कुएं के पास फेंक दिए थे। आरोपी के मेमोरेण्डम के आधार पर घटना में प्रयुक्त हसिया व कपड़े बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

### इनकी रही अहम भूमिका

इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में डीएसपी दुर्गेश आर्मो, डीएसपी मयंक तिवारी, डीएसपी शैफा हाशमी, थाना प्रभारी बैतूल बाजार निरीक्षक अंजना धुर्वे, निरीक्षक आबिद अंसारी सीन ऑफ क्राइम एक्सपर्ट, उपनिरीक्षक नरेंद्र ठाकुर, विनोद मालवीय, आम्रपाली डाहट, रवि शाक्य, सउनि अवधेश वर्मा, प्रआर अजय बरबड़े प्रधान आरक्षक प्रकाश, प्रआर सुभाष माकोडे, प्रहलाद, प्रआर कमलेश दावंडे, कमल चौरे, मनोज, अरुण, कमलनाथ पवार, मुकेश, लीलाधर, साइबर सेल बलराम, डॉग स्क्वाड विवेक गाडगे, आर चालक सतीश महिला आरक्षक स्नेहल परते एवं संजू की सराहनीय भूमिका रही है।

### अकाउंटेंट का शव फंदे पर लटका मिला

**बैतूल।** बुधवार को एक अकाउंटेंट का शव उनके ही घर में फंदे पर लटका मिला। उसके हाथ की नस कटी हुई थी। कमरे से खून से भरा डिब्बा भी बरामद हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना चक्कर रोड के मोती वार्ड की है। जानकारी के अनुसार, प्रदीप उर्फ पप्पू बारंगे (58) का शव घर की पहली मंजिल पर सीढ़ी के पास फांसी पर लटका मिला। सूत्रों के मुताबिक, प्रदीप बारंगे कुछ समय से पारिवारिक विवादों से परेशान था। आशंका है कि बीती रात प्रदीप ने पहले हाथ की नस काटी, जिससे खून बहा तो डिब्बा भर दिया। पुलिस को बिस्तर पर सर्जिकल ब्लेड का रैपर भी मिला है। हालांकि, परिजन सवाल उठा रहे हैं कि जब नस काटी गई तो सीढ़ी पर फांसी लगाने तक खून के धब्बे क्यों नहीं पाए गए। पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बैतूल में झोपड़ी से मिला महिला का शव

**बैतूल।** महावीर वार्ड स्थित एक झोपड़ी से एक महिला का सड़ा-गला शव मिला। महिला का एक हाथ कटा मिला, जिससे उसकी मौत को लेकर कई तरह के संदेह गहराते जा रहे हैं। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि शव कुछ दिन पुराना हो सकता है। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और झोपड़ी को सील कर, बारीकी से जांच शुरू कर दी गई। महिला की पहचान सुनीता भारती (45 वर्ष) के रूप में हुई है, जो अपने पति के साथ पिछले करीब तीन वर्षों से इसी झोपड़ी में रह रही थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि, झोपड़ी से तेज दुर्गंध आने पर संदेह हुआ, इसके बाद जब अंदर झांका, तो महिला का शव पड़ा मिला। इसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस का कहना है कि शव की स्थिति और दुर्गंध को देखते हुए यह स्पष्ट है कि मौत कुछ दिन पहले हुई है। घटना के समय महिला का पति मौके पर मौजूद नहीं था। पुलिस अब उसकी तलाश कर रही है, क्योंकि वह प्रमुख संदिग्ध के रूप में सामने आ रहा है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और महिला की पृष्ठभूमि की भी जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार, मौत की असल वजह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और फोरेंसिक विश्लेषण के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल हत्या और आत्महत्या दोनों एंगल से जांच जारी है।

## स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर की महिलाओं के स्वास्थ की जांच



**शाहपुर।** ग्राम पंचायत पहावाड़ी के अंतर्गत आने वाले ग्राम चापड़ा में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। राकेश हनोते और रेखा परते ने बताया कि ग्राम पंचायत पहावाड़ी क्षेत्र के अंतर्गत जितने भी ग्राम आते हैं, उन ग्रामों में शिविर आयोजित कर स्वास्थ्य की जांच कर दवाईयां वितरित की जा रही है। इस दौरान ग्राम चापड़ा में लगभग ढाई सौ महिलाओं के स्वास्थ की जांच की गई। मुख्य रूप से बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन, सिकल सेल आदि रोगों के संबंधित जांच की गई। ग्राम की सुनीता बारस्कर ने बताया कि उनके ग्राम में आंगनबाड़ी केंद्र में ही शिविर को लगाया गया है। चापड़ा ग्राम की सभी महिलाओं को इस शिविर का स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हो रहा है।

### लापरवाही पर बीईओ भीमपुर के विरुद्ध कार्रवाई

**बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को शिक्षा विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कक्षा 1 से 12 वीं के नामांकन की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे नवीन स्कूलों जिनकी डाइस कोड जेनरेट नहीं हुआ, उनका प्राथमिकता से कोड जेनरेट करवाएं। उन्होंने जनपदवार नामांकन की समीक्षा कर कम प्रगति पर प्रभातपट्टन बीआरसी को नोटिस देने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला परियोजना समन्वयक को भी नामांकन में गति लाने के सख्त निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने निशुल्क पाठ्य पुस्तक, निशुल्क साइकिल वितरण, निशुल्क गणवेश वितरण की जनपदवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं में जिन जनपदों का वितरण कम हैं, उन्हें नोटिस जारी किया जाए और पाठ्य पुस्तक तथा साइकिल का शत प्रतिशत वितरण किया जाएं। खाता फैल होने के कारण जिन बच्चों को गणवेश वितरण की राशि नहीं मिली हैं, उन बच्चों के खाता सुधार कर राशि अंतरण का कार्य प्राथमिकता से किया जाएं। उन्होंने समेकित छात्रवृत्ति योजना और प्रोफाइल अपडेशन के कार्य भी समीक्षा कर निर्देश दिए कि बच्चों के प्रोफाइल अपडेशन के कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने इन सभी योजनाओं में खराब परफॉर्मेंस पर भीमपुर के विकासखंड शिक्षा अधिकारी को हटाने और उनके निलंबन का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कम प्रगति वाले विकासखंड शिक्षा अधिकारी और बीआरसी को चेतावनी नोटिस जारी करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी सप्ताह तक प्रगति नहीं आने पर सम्बन्धित की वेतन वृद्धि संचयी प्रभाव से रोका जाएगा। उन्होंने ई अटेंडेंस की समीक्षा कर ऑनलाइन अटेंडेंस नहीं लगाने वाले शिक्षकों के वेतन आहरण पर रोक लगाने तथा शिक्षकों के द्वारा जितने दिन ई अटेंडेंस नहीं लगाई गई है उतने दिन का वेतन काटा जाएगा। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य सहित सभी जनपदों के बीआरसी उपस्थित रहें।

### खाद्य विभाग ने की कार्रवाई, 11 सामग्रियों के लिए नमूने

**सारनी।** खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप पाटिल ने नगर की विभिन्न किराना दुकानों पर छापामार कार्रवाई करते हुए 11 प्रकार की खाद्य सामग्री के नमूने जाँच के लिए एकत्रित किए। अधिकारी पाटिल ने जिन खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए, उनमें हल्दी, मिर्च, धानिया, कॉर्न फ्लोर, बेकिंग सोडा, सोया तेल, रवा, बेसन तथा तीन प्रकार के नमक शामिल हैं। नमक के नमूनों में एक सेंधा नमक और दो प्रकार के साधारण नमक लिए गए। उन्होंने बताया कि नमक के नमूने विशेष रूप से आयोडीन की मात्रा की जाँच के उद्देश्य से लिए गए हैं। सभी नमूनों को प्रयोगशाला परीक्षण के लिए भेजा जाएगा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने स्पष्ट किया कि आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए समय-समय पर इस तरह की कार्रवाई की जाती है और मानक से समझौता करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इधर, नगर पालिका क्षेत्र में लगभग हर मोहल्ले में नई-नई किराना सामग्री की दुकानें खुल रही हैं, जिन पर खाद्य विभाग की कोई नजर नहीं है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय पर जांच और नियमित निगरानी नहीं की गई तो मिलावटी खाद्य सामग्री से लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ सकता है।

शासकीय आयुर्वेद जिला चिकित्सालय बैतूल में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

## स्वस्थ समाज के निर्माण में आयुर्वेद की भूमिका अहमः केंद्रीय राज्य मंत्री




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार आयुर्वेद जन-जन के लिए पृथ्वी के कल्याण के लिए, आयुर्वेद फॉर पीपल एंड प्लैनेट की थीम पर मंगलवार को शासकीय आयुर्वेद जिला चिकित्सालय बैतूल में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गा दास उइके, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाई बारस्कर, नगर पालिका उपाध्यक्ष महेश राठौर, मंडल अध्यक्ष विकास मिश्रा, कोठी बाजार मंडल अध्यक्ष विक्रम वैद्य, पार्षद तरुण ठाकरे, पार्षद महावीर वार्ड श्रीमती वर्षा बारस्कर, भावेश चढोकार, कैलाश धोटे उपस्थित रहे। सर्वप्रथम अतिथियों ने मां सरस्वती एवं भगवान धन्वंतरि का पूजन कर शिविर का शुभारंभ किया। केंद्रीय राज्य मंत्री श्री उइके ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आयुर्वेदिक पद्धति भारतीय परंपरा की धरोहर है, जो आज भी स्वस्थ जीवन के लिए कारगर सिद्ध हो रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से आमजन को निःशुल्क परामर्श एवं औषधियां उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे समाज के हर वर्ग को लाभ मिल रहा है। उन्होंने ने उपस्थित चिकित्सकों की सराहना करते हुए कहा कि आयुर्वेद केवल उपचार की विधा नहीं, बल्कि जीवन जीने की समग्र शैली है। उन्होंने लोगों से नियमित दिनचर्या, संतुलित आहार, योग और प्राणायाम को अपनाने का आह्वान किया।

### आयुष संस्थाओं में मनाया दसवां आयुर्वेद दिवस

इसके साथ ही जिले की समस्त आयुष संस्थाओं में दसवां आयुर्वेद दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। सभी संस्थाओं में शिविर का आयोजन किया गया। समस्त आयुष संस्थाओं द्वारा अपने-अपने क्षेत्र के प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला, उच्चतर शाला में अनेक प्रकार की प्रतियोगिताओं जैसे विषय आयुर्वेद पर निबंध प्रतियोगिता, स्लोगन, चित्रकला, रंगोली, विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन जैसे कबड्डी, खो-खो करवाया गया। कार्यक्रम के पश्चात प्रतिभागियों को आयुष विभाग द्वारा प्रमाण पत्र भी बांटे गए। वहीं चिकित्सकों द्वारा आयुर्वेद पर व्याख्यान दिया गया। जनसाधारण को दिनचर्या, ऋतुचर्या, रात्रिचर्या के बारे में समझाया गया।

पशुपालकों से जुड़ी योजनाओं का मैदानी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन कराएं

## गौशालाओं का सुव्यवस्थित संचालन किया जाएः कलेक्टर



**बैतूल।** कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पशुपालन, श्रम, जीएसटी इत्यादि विभागों की समीक्षा की। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन सहित संबंधित विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहें। उन्होंने पशुपालन विभाग अंतर्गत संचालित चलित पशु चिकित्सा इकाई, राष्ट्रीय पशुधन मिशन, डॉ भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना और मुख्यमंत्री डेयरी प्लान योजना के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने उप संचालक पशुपालन को निर्देशित किया कि पशु चिकित्सा इकाई के हेल्पलाइन नंबर 1962 का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएं। इस प्रकार डॉ भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना का भी प्रचार प्रसार कर ज्यादा से ज्यादा हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में संचालित समस्त शासकीय गौशालाओं का सुव्यवस्थित ढंग से संचालन हो। इसी प्रकार निजी गौशालाओं का भी सतत निरीक्षण किया जाएं। उन्होंने पशुपालकों के केसीसी के प्रकरणों के शेष लक्ष्य को भी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने 2 अक्टूबर से प्रारंभ होने वाले दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान की तैयारियों की समीक्षा कर निर्देश दिए कि अभियान के तहत व्यक्तिगत भेंट के लिए अधिकारियों और पशु चिकित्सकों की ड्यूटी लगाएं। उन्होंने पशुपालकों को पशुपोषण, स्वास्थ्य एवं नस्ल सुधार के लिए मार्गदर्शन के साथ उन्हें इस संबंध अपनाए जाने वाली प्रक्रिया की जानकारी का फोल्डर भी दिए जाएं।

कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने बैठक में सीएम हेल्पलाइन में शिकायतों के निराकरण में लगातार खराब परफॉर्मेंस और बैठक में अनुपस्थित रहने पर जीएसटी ऑफिसर के विरुद्ध निलंबन की कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश दिए। श्रम विभाग की समीक्षा कर कलेक्टर ने ई केवाईसी के शेष लक्ष्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने शाहपुर और मुलताई के लेबर इंस्पेक्टर सख्त निर्देशित किया कि ई केवाईसी के शेष लक्ष्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराएं।

### कुन्बी समाज ने श्रद्धांजलि में दिया हरित संदेश

**सारनी।** क्षत्रिय लोणारी कुन्बी समाज संगठन सारनी द्वारा समाज की दिवंगत सदस्य स्व. ममता धोटे के स्मृति स्थल पर एक विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर समाज ने परंपरागत पुष्पांजलि के साथ-साथ फलदार वृक्ष भेंट कर एक अनूठा और प्रेरक संदेश दिया कि जीवन भले समाप्त हो जाए, पर हरित स्मृति और सद्गुण सदैव जीवित रहते हैं। कार्यक्रम में समाज संगठन के पदाधिकारियों ने स्व. ममता धोटे के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि दिवंगत आत्मा भले ही भौतिक रूप में हमारे बीच नहीं हैं, किन्तु उनके द्वारा स्थापित आदर्श और पारिवारिक मूल्यों का प्रकाश हमारे समाज को सदैव दिशा देता रहेगा।

स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियानः शिविर में 178 ग्रामों की महिला और बालिकाओं ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

## राष्ट्र की प्रगति और समृद्धि में नारी शक्ति की भूमिका अहमः केंद्रीय राज्य मंत्री उइके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




जिले में स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान 17 सितंबर से प्रारंभ किया गया है, जो आगामी 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक चलेगा। बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेहरा में अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर में शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय जनजातीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती इमलाबाई जावलकर उपस्थित रहे। सर्वप्रथम अतिथियों ने मां सरस्वती के छायाचित्र समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। इस दौरान अतिथियों ने राष्ट्रीय पोषण माह के तहत व्यंजन प्रदर्शनी और स्वास्थ्य शिविर का अवलोकन भी किया। केंद्रीय राज्य मंत्री श्री उइके ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र की प्रगति और समृद्धि में नारी शक्ति की भूमिका अति महत्वपूर्ण है। व्यक्ति से लेकर परिवार और समाज से लेकर विश्व निर्माण तक, नारी ही संस्कृति, परंपरा और संस्कारों की संवाहक रही है। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के माध्यम से हम एक सशक्त राष्ट्र के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं और बालिकाएं स्वस्थ होंगी तो परिवार मजबूत बनेगा और मजबूत परिवार ही राष्ट्र की असली शक्ति होता है। उन्होंने सभी महिलाओं एवं बालिकाओं से इस अभियान में सक्रिय रूप से जुडऩे और सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। खंड चिकित्सा अधिकारी अधिकारी डॉ केदार सिंह जाटव ने बताया कि शिविर में कुल 1582 पंजीयन किए गए। हीमोग्लोबिन जांच 636, सिकल सेल स्क्रीनिंग 407, बीपी जांच 543, शुगर जांच 493, दंत रोग 62, टीबी स्क्रीनिंग 80, नेत्र रोग 141, स्त्री रोग 74, नेत्र मोतियाबिंद 22, एएनसी 48, मानसिक रोग 62, हाईरिस्क माता 5, एक्स-रे 16, टीबी एक्स-रे 5 की जांच एवं उपचार किया गया। निक्षय आईडी 80 बनाई गई। स्वास्थ्य शिविर में जिला चिकित्सालय बैतूल की विशेषज्ञों की टीम द्वारा जांच एवं परीक्षण किया गया। महिला रोग विशेषज्ञ डॉ भावना कवडकर द्वारा स्कूली छात्राओं एवं महिलाओं का परीक्षण किया गया एवं परामर्श दिया गया। शिविर में जिले से जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश परिहार, डीपीएम डॉ विनोद शाक्य, डीसीएम, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेहरा के चिकित्सा अधिकारी, बीपीएम, बीईई, आरबीएसके चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, लेब टेक्नीशियन, सुपरवाईजर, एपीएम शहरी क्षेत्र, एएनएम, आशा आदि उपस्थित रहे। 25 सितम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चिचोली में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### अनुसार मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक कृष्णपुरा वार्ड के शिविर में 426 पंजीयन

शहरी क्षेत्र नोडल अधिकारी डॉ रत्नेश खाडे द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक कृष्णपुरा वार्ड में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान अंतर्गत 24 सितम्बर को शिविर आयोजित किया गया। जिसमें शिविर का शुभारंभ कृष्णपुरा वार्ड के पार्षद श्री तरुण कुमार ठाकरे द्वारा किया गया। शिविर में जिला चिकित्सालय बैतूल से महिला चिकित्सक डॉ भावना झाडे, चिकित्सा अधिकारी डॉ अंकित मोहन शहरी क्षेत्र बैतूल से महिला चिकित्सक डॉ शिखा घिघोडे, डॉ वैशाली भूमरकर द्वारा मरीजों की जांच एवं उपचार किया गया। शिविर में कुल पंजीयन 426 किए गए। बीपी जांच 101, शुगर जांच 68, दंत रोग 36, टीबी स्क्रीनिंग 80, सिकल सेल स्क्रीनिंग 214, हीमोग्लोबिन जांच 214, एएनसी जांच 5, टीकाकरण 5, किशोर स्वास्थ्य परामर्श 204 मरीज की जांच एवं उपचार किया गया। शिविर में इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ विनोद कुमार शाक्य, एपीएम श्री प्रकाश माकोडे, नर्सिंग ऑफीसर, शहरी क्षेत्र स्टाफ एवं आशा कार्यकर्ता उपस्थित रही।

## हरिभूमि एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा: विश्वास की परंपरा

# एंट्री पास वितरण संपन्न: इस वर्ष का हरिभूमि गरबा हुआ हाउसफुल, एंट्री पास धारक ही पा सकेंगे इस वर्ष गरबा में प्रवेश, सीसी टीव्ही कैमरों से होगी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

हरिभूमि एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा अपने आगाज से 48 घंटे पहले ही हाउसफुल हो गया है। बुधवार देर शाम तक हरिभूमि कार्यालय से सभी प्रीमियम एंट्री पास का वितरण समाप्त हो गया है। अब जिन गरबाप्रेमियों और नगरवासियों ने एंट्री पास प्राप्त नहीं किए हैं वे हरिभूमि गरबा के इस साल के आयोजन में शामिल नहीं हो पाएंगे। जिन्हें गरबा एंट्री पास मिल चुके हैं वहीं इस वर्ष गरबा आयोजन में शामिल होंगे। हरिभूमि फैमिली गरबा इस साल नगर वासियों से मिले अभूतपूर्व प्रेम और विश्वास से परिपूर्ण हो चुका है। ऐसा पहली बार हुआ है जब इटारसी शहर के किसी गरबा आयोजन के प्रीमियम एंट्री पास, आयोजन की शुरुआत से 48 घंटे पहले ही समाप्त हो गए हो। इटारसी के नागरिकों और गरबा प्रेमियों ने ये साबित कर दिया है कि हरिभूमि का एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा सच में इटारसी के साल का सबसे बड़ा आयोजन है।





### अभूतपूर्व रहा आयोजन



हरिभूमि गरबा आयोजन की नींव रखने से लेकर आज तक के हम सहयोगी हैं। चौथे साल में हरिभूमि गरबा का आयोजन अभूतपूर्व और ऐतिहासिक होने जा रहा है। परिवार सहित आप सभी हमारे हरिभूमि फैमिली गरबा में जरूर शामिल हो।

**कल्पना मनोहर तिवारी, समाजसेवी**

### हम सबकी पहली पसंद



हरिभूमि गरबा नगर में सांस्कृतिक ओर सामाजिक धरोहर को संजोए हुए गरबा कार्यक्रम है। हमारा हरिभूमि गरबा आयोजन नगर में सबकी पहली पसंद बन गया है। इस वर्ष भी हमने बेहतर तैयारियां की है।

**सुनील दुबे, शिक्षक, सदस्य शिक्षक कल्याण संगठन**

### अनोखा प्रचार-प्रसार



हरिभूमि गरबा युवाओं की, महिलाओं की, परिवारों की पहली पसंद है। हर साल आयोजन बेहतर से बेहतर होता जा रहा है। दूसरे गरबा गलत तरीके से अपना प्रचार कर रहे हैं, हरिभूमि गरबा पारंपरिक तरीके से अपना प्रचार प्रसार कर रहा है।

**भगवानदास पटेल, भाजपा नेता एवं समाजसेवी**

### युवाओं में बना हुआ है उत्साह



हरिभूमि गरबा में हम तीन साल से ग्रुप सहित गरबा डांस करने जाते हैं। हर साल पुरस्कार मिलता है। दो साल से हम आयोजन ने सहयोगी हैं। युवाओं में सबसे ज्यादा जोश हरिभूमि गरबा के लिए है। यह आयोजन भी सफल रहेगा।

**शिवम चौहान, युवा व्यवसाई एवं गरबा प्रशिक्षक**

### शहर में चर्चा का विषय है



हरिभूमि गरबा इटारसी की शान है। हर कोई सिर्फ हरिभूमि गरबा की चर्चा कर रहा है। हम शुरुआती साल से आयोजन के सहयोगी रहे हैं। आज हरिभूमि गरबा का क्रेज लोगो के सर चढ़कर बोल रहा है। सभी को आयोजन की बहुत बहुत शुभकामनाएं

**संदेश अग्रवाल, युवा व्यवसाई**

### शहर में चर्चा का विषय है



हरिभूमि गरबा शहर का साल का सबसे बड़ा आयोजन बन गया है। हर कोई सिर्फ हरिभूमि गरबा की बातें कर रहा है। हम आयोजन के स्थाई निर्णायक हैं, आप सभी अच्छे से तैयार होकर आईए, अच्छा गरबा करिए आपको पुरष्कृत किया जाएगा।

**हेमा पुरोहित, समाजसेवी एवं कार्यक्रम निर्णायक**

### आयोजन से जुड़ने की खुशी



हरिभूमि का नाम इटारसी में ही नहीं, पूरे जिले में प्रसिद्ध हो चुका है। गांव गांव हरिभूमि गरबा की चर्चा हो रही है। हम इस वर्ष आयोजन से जुड़े हैं यह प्रसन्नता का विषय है। हरिभूमि गरबा महोत्सव में आप सभी का हार्दिक अभिनंदन है।

**साहिल चौधरी, युवा व्यवसाई**

### लोगों की पहली पंसद बना



हरिभूमि गरबा इटारसी का सम्मान है। हमारा अपना हरिभूमि गरबा लोगों की पहली पसंद बनकर इटारसी शहर का साल का सबसे बड़ा आयोजन बन गया है। आप सभी का इस वर्ष के आयोजन में इंतजार रहेगा। सभी को नवरात्रि की शुभकामनाएं

**वंदना ओझा, पार्षद, समाजसेवी एवं कार्यक्रम निर्णायक**


### अनोखा है आयोजन



हरिभूमि गरबा इटारसी का सबसे शानदार आयोजन है। जिसकी चर्चा इटारसी के साथ पूरे जिले में हो रही है। हम हर साल आयोजन में शामिल होते हैं ऐसा आयोजन ओर कोई इटारसी शहर में हो ही नहीं सकता। हमारी ओर से सभी को शुभकामनाएं।

**सन्नी छाबड़ा, भाजपा नेता**

### चाक चौबंद रहती है व्यवस्था



हरिभूमि गरबा एकमात्र पारंपरिक पारिवारिक गरबा आयोजन इटारसी शहर में होता है। हरिभूमि आयोजन मे व्यवस्थाएं सब चाक चौबंध होती हैं। हरिभूमि समूह पूरी ताकत से आयोजन को सफल बनाने के लिए प्रयासरत है। शहर वासियों को नवरात्रि और हरिभूमि गरबा की शुभकामनाएं।

**जगदीश मालवीय, विधायक प्रतिनिधि**

### आयोजन पर है भरोसा



हरिभूमि समूह का एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा इटारसी के नगरवासियों के विश्वास की परंपरा है। परिवारों का सर्वाधिक भरोसा हरिभूमि फैमिली गरबा पर ही है। हम आयोजन के हर वर्ष के साथी रहे हैं इस साल का आयोजन और अधिक प्रसिद्धि प्राप्त करेगा।

**हेमंत मधु शुक्ला, उद्योगपति, व्यवसाई समाजसेवी**

### देवी की आराधना सौभाग्य है



हरिभूमि गरबा का आयोजन हमारे प्रिंस पैराडाइज गार्डन में हो रहा है यह हमारा सौभाग्य है। हम इटारसी शहर के साल के सबसे बड़े आयोजन के साक्षी और सहयोगी है। हमने इस वर्ष ओर अधिक व्यवस्थाएं की है आप सभी पूरे जोश के साथ 26 को आइए।

**प्रिंस पटेल, संचालक प्रिंस गार्डन**

---

## बरसाती महीनों में कीचड़मग्न रहता है ग्राम भजियाढाना के शासकीय स्कूल तक का रास्ता

# वर्ष 2025 में विधानसभा के भजियाढाना में कीचड़ से गुजरने को विवश देश का भविष्य

सोहागपुर क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाने का दावा प्रायः किया जाता है। लेकिन शायद सत्तापक्ष के लोगों ने सोहागपुर विधानसभा के ग्राम भजियाढाना का दौरा नहीं किया है, जहां शासकीय स्कूल का मार्ग कच्चा है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

रास्ता कच्चा होने के कारण स्कूली बच्चों को बरसात के पूरे मौसम में कीचड़ से होते हुए स्कूल जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि भजियाढाना ग्राम सोहागपुर जपं का वह पिछड़ा ग्राम है जो दो हिस्सों में है। ग्राम का टोला मुख्य हिस्से से लगभग 200 मीटर दूर है। और टोले के अंदर तो सीमेंट रोड बनी हुई है। लेकिन मुख्य हिस्से से टोले तक का मार्ग कच्चा है। और दोनों हिस्सों का संपर्क बारिश में लगभग टूट सा जाता है। जिसके कारण बीमार टोले से मुख्य मार्ग तक तथा मुख्य हिस्से से स्कूली बच्चे टोला स्थित सरकारी स्कूल तक नहीं पहुंच पाते हैं।

### 77 विद्यार्थी, पांच शिक्षक

प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम भजियाढाना के सरकारी माध्यमिक विद्यालय में 77 विद्यार्थी दर्ज हैं तथा पांच शिक्षक पदस्थ हैं। ये सभी सामान्य मौसम में कच्चे मार्ग से होते हुए स्कूल पहुंच जाते हैं, जो बरसात में मुश्किल हो जाता है। अतितीव्र बारिश में निचला रास्ता पूरी तरह डूब जाता है एवं कमर तक पानी भरने के कारण बच्चे स्कूल नहीं पहुंच पाते हैं। शिक्षक तो जैसे तैसे स्कूल पहुंच जाते हैं, लेकिन बच्चे अति बारिश में स्कूल नहीं जाते हैं।

### निजी भूमि का मामला

सोहागपुर जपं सूत्रों के अनुसार भजियाढाना सरकारी स्कूल का कच्चा मार्ग निजी भूमि पर है। भूस्वामी से मार्ग के लिए भूमि देने बावत चर्चाएं जारी हैं। सूत्रों के अनुसार संभावना है कि शीघ्र ही समाधान होगा। लेकिन सत्तापक्ष के जनप्रतिनिधियों द्वारा अब तक भजियाढाना स्कूल मार्ग ना बनवा पाना जनता के लिये आश्चर्यजनक है। इधर ग्रामीणों का सवाल है कि जब पहले से ही सरकारी भूमि नहीं थी, तो शासकीय एजेंसियों द्वारा मार्ग रहित क्षेत्र में सरकारी भवन क्यों बनवाया गया।

### जारी हैं प्रयास

मैंने मार्ग के लिये पंचायत मंत्री जी को पत्र भी दिया था। वहां निजी भूमि है एवं भूमि स्वामी से जमीन दान के लिए चर्चा जारी है। मार्ग निर्माण के प्रयास सफल होंगे।"-

**जालम सिंह पटेल, अध्यक्ष जपं सोहागपुर।**

---

# किसानों को पिछले वर्ष की दी जाएगी धान की प्रोत्साहन राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



जनपद पंचायत परिसरमे वी,ही,रुम में तहसीलदार वैभव बैरागी वरिष्ठ कृषिविकास अधिकारी किरण कीर विष्णु उईकेने किसानों को तथा भाजपा प्रतिनिधि की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रदेश सरकार के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव की कृषि उन्नत योजनाके अंतर्गत सिंगल क्लिक से कटंगी जिला बलाघाट के माध्यम से किसानों के खातेमे बोनसराशि का वितरण किया गया। जिसमें किसानों को 4000रुपे पर हेक्टेयर भूमि पर खेती करने वाले किसानों को राशि प्रदान किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधानसभा प्रभारी नवनीत सिंह नागपाल नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी राधेश्याम पटेल सिमारारामजी पटेल,लखन रघुवंशी दिनेश प्रजापति राहुल पटेल सहित अन्य सभी गांवों से किसानों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। नागपालने कहाकी यह ऐतिहासिक पहल है। अन्नदाता किसान के जीवन में नई ऊर्जा और समृद्धि का संचारकरेगि। बलराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार यह संकल्प लेती है कि हर किसान का पसीना सम्मान और खुशहाली में बदले।

## पमरे की बैठक में सांसद नारोलिया ने इटारसी में रेल सुविधाएं बढ़ाने की मांग




**नर्मदापुरम।** आज पश्चिम मध्य रेल्वे के जबलपुर मंडल परिक्षेत्र अंतर्गत आयोजित सांसदों की बैठक में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया जी ने सम्मिलित होकर ,माननीय सांसदों एवं रेल अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ सांसद सतना गनेश ने की। इस अवसर पर रेल परिचालन,यात्री सुविधाओं का विस्तार, ट्रेनों की समयबद्धता,इटारसी एवं अन्य स्थानों पर रेल स्वास्थ सेवाओ के उन्नयन,रेल नीर के प्लांट हेतु आग्रह रिक्त पड़ी रेल भूमि का सदुपयोग कर, इटारसी में रेल कोच फैक्ट्री का प्रस्ताव तैयार किया जाए ,अवैध वेंडर की रोकथाम की जाय। रसूलिया रेलवे अंडरपास का निर्माण कार्य, द पार्क के पास का ओव्हर ब्रिज गुणवत्ताहीन बना हुआ है उसे पुनः बनाया जाए। नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन पर बन रहे नव निर्मित हॉल का नाम नर्मदा भवन किया जाए ।रेलवे स्टेशन पर मां नर्मदा की प्रतिमा लगाई जाए। यात्रियों की सुरक्षा व सुविधा से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत एवं सार्थक विचार-विमर्श हुआ। इस बैठक में आशीष दुबे सांसद जबलपुर, दर्शन सिंह चौधरी सांसद नर्मदापुरम, राहुल सिंह लोधी सांसद दमोह, राजेश मिश्र सांसद सीधी, वरिष्ठ भाजपा नेता अमितेन्द्र नारोलिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष विकास नारोलिया, जेडआरयूसीसी मेम्बर राजा तिवारी, विशाल दीवान सहित अन्य गणमान्य जन एवं रेल विभाग के ज़ोन महाप्रबंधक शोभना बंधोपाध्याय, मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा, डब्ल्यूसीआर के के सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

---

# सलकनपुर जाने वाले पद यात्रियों को नगरवासी करा रहे फलाहार, मार्ग पर भी की जा रही सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



नवरात्रि में प्रतिदिन हजारों की संख्या में हाथों में ध्वज लेकर पैदल यात्री मैया के दर्शन करने नगर से होकर जा रहे नगर के अनेक सामाजिक संगठन धार्मिक संगठन एवं व्यक्तिगत तौर पर भी पद यात्रियों के विश्राम शीतल जल एवं फल कर रहे हैं बुधवार को जनपद पंचायत के सामने जनपद पंचायत के अधिकारी कर्मचारी सरपंच सचिव ने पद यात्रियों को फलाहार कराया गायत्री मंदिर के सामने ग्राम ताल केसरी के ग्राम वासियों एवं राजपूत समाज लायंस क्लब वह सहकारी समिति के पबंधकों ने जल पान एवं फलाहार की व्यवस्था बनाई। ग्राम जावली कि मुस्लिम सरपंच दर्शन करने जा रहे देवी भक्तों को करा रही है फलहार

11 मिल पर ग्राम पंचायत जावली की सरपंच रुखसार काजू खान एवं उनका परिवार एवं ग्राम वासियों ने यात्रियों का सम्मान करते हुए पद यात्रियों की विश्राम करने की व्यवस्था की हैं श्रद्धा सेचाय फल एवं निशुल्क दवाइयां दे रहे हैं नगर में मुख्य मार्ग पर अनेक लोग पैदल यात्रियों की सेवा में टेंट लगाकर सेवा कर रहे हैं एवं पद यात्रियों की विश्राम की व्यवस्था में लगे हैं।

## 'पुशिंग और पुलिंग' पर आश्रित नगर परिषद की कचरा संग्रह व्यवस्था



**सोहागपुर।** सोहागपुर नप के खराब कचरा संग्रहण वाहन कभी धक्का देकर तो कभी टोचन से खींचकर स्टार्ट किये जाते हैं। गत दिवस भी पलकमती नदी पुल पर बाजार से कचरा संग्रह करने वाला वाहन बंद हो गया। जिसे नप से दूसरा ट्रैक्टर बुलवाकर धक्के से स्टार्ट किया गया। सोहागपुर नप की सफाई व्यवस्था में ये दृश्य आम हो चले हैं। नागरिकों के अनुसार नप की सफाई व्यवस्था 'पुशिंग व पुलिंग' पर आश्रित है।

# राजा भभूति सिह शासकीय महाविद्यालय में हुए रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



राजा भभूत सिंह शासकीय महाविद्यालय पचमढ़ी में राष्ट्रीय सेवा योजना के 56वे स्थापना दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि जन भागीदारी अध्यक्ष श्री प्रवीण कोरी, विशिष्ट अतिथि पूजा साहू एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एस शेखर के द्वारा युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद एवं महात्मा गांधी की छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई।

सत्र 2021-22 एवं 2024 -25 के बेस्ट कैंपर प्रतीक जयसवाल और गिरीकांत स्वामी विशेष आकर्षण रहे, जिन्होंने स्वयंसेवकों को समाज सेवा एवं व्यक्तित्व विकास के बारे में बतलाया। स्वीप प्रभारी डॉ अनुज डोनीवाल ने एनएसएस के माध्यम से छात्रों के चरित्र निर्माण से राष्ट्र चरित्र निर्माण में भूमिका पर प्रकाश डाला गया। प्रश्न मंच,रंगोली, मेहंदी ,कविता पाठ निबंध लेखन, पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं सत्र 2024- 25 में आयोजित बी प्रमाण- पत्र परीक्षा में उत्तीर्ण 19 स्वयंसेवकों को प्रमाण - पत्र प्रदान किया गया।

---

## कलाकारों के द्वारा दी जा रही श्रीराम लीला में मंच से मनमोहक प्रस्तुतियां

# ऋषि नारद की तपस्या से डोला इंद्रदेव का आसन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

शिव शंकर पार्वती विवाह के पश्चात नारद ऋषि ने तपस्या की उनकी तपस्या के प्रभाव से इंद्र का आसन डोलने लगा, एवं इंद्र को शंका होने लगी कि नारद ऋषि तपस्या करके स्वर्ग पर आधिपत्य ना जमाने लगे तब उन्होंने नारद ऋषि की तपस्या भंग करने का कामदेव को आदेश दिया कामदेव ने नारद की तपस्या भंग करने के अनेक उपाय किए परंतु वे सफल न हो सके और हर कर स्वर्ग वापस लौट गए।




तब नारद के मन मे अभिमान जागृत हो गया कि मेरी तपस्या को कामदेवभंग नहीं नहीं कर सके और मैंने कामदेव को जीत लिया मन में बड़ी प्रसन्नता लिए देव ऋषि नारद कैलाश पर्वत पहुंचे एवं भगवान शिव तथा माता पार्वती को सारा वृत्तांत सुनाया तथा भगवान शिव से कहा कि मैंने कामदेव पर विजय प्राप्त कर ली है तब भगवान शिव ने नारद से कहा कि तुम कामदेव को जीतने वाला वृतांत भगवान विष्णु के समक्ष मत कहना अपने अहंकार को मन में रखकर प्रसन्न मां से अभियान से भरे हुए देव ऋषि नारद नहीं माने और भगवान विष्णु के पास बैकुंठ लोक पहुंच गए। भगवान विष्णु के पास पहुंचकर देव ऋषि नारद ने भगवान विष्णु के समक्ष तपस्या से कामदेव को जीतने का वृतांत सुनाया नारद ऋषि भगवान विष्णु के भक्त थे उनकी कथा सुन भगवान ने सोचा मेरे भक्त को यदि अभिमान हो गया तो सृष्टिमे उनके द्वारा किया जाने वाला कार्य कैसे होगा देव ऋषि नारद के अभियान को समाप्त करने के लिए भगवान विष्णु ने उनकी विजय पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए उन्हें विदा किया, एवं अपनी माया से पृथ्वी लोक पर शील नगर नामक राज्य की रचना की जिसके राजा शील निधि थे उनकी कन्या विश्वमोहिनी विवाह योग हो गई थी देव ऋषि नारद की नजर शील नगर पर पड़ी और भी कौतूहल वश नगर में पहुंचे वहां के राजा शील निधि ने देव ऋषि नारद को देखकर उनका आदर सत्कार किया एवं अपनी अत्यंत सुंदर कन्या विश्व मोहिनी का हाथ दिखाकर देव ऋषि नारद से कन्या के विवाह के लिए योग्य वरर ढूंढने की प्रार्थना की तब देव ऋषि नारद ने कन्या का हाथ देखते हुए कहा कि आपकी कन्याअत्यंत सुंदर है इसका व भी बहुत सुंदर होगा तथा तीनों लोकों का स्वामी होगा।

यह कहकर नारद ने राजा से विदा ली, एवं नगर से बाहर आकर विचारकरने लगे की विश्व मोहिनी तो बहुत सुंदर है यदि इसका विवाह मेरे साथ तो मेरा जीवन भी स्थिर हो जावेगा परंतु मेरे पास वैसा रुप नहीं है वैसा रूप तो भगवान नारायण का ही है क्यों ना नारायण से उनका रूप मांग लूं यह विचार आते ही नारद पुनः भगवान विष्णु के पास पहुंचे।

## नवरात्रि के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा का हुआ पूजन



**पिपरिया।** नवरात्रि पर्व पर नगरपालिका परिषद क्षेत्र सेलेकर जनपद पंचायत क्षेत्र में जगह जगह स्वागत सम्मान कियागया है तथा लगभग 62प्रतिमा नगर पालिका परिषद क्षेत्रमें तथा लगभग इतनी ही ग्रामीण क्षेत्र में रखी हुई है। तथा अन्य लोगों के द्वारा ज्वारे घट कलश की भी स्थापना की गई है। अखंड ज्योति जलाई गई है।नगर में धर्म ध्वजा फेर रहे हैं। नवरात्रि केतीसरे दिन में मां चंद्रघंटा के जवारे एवं घटके पूजन किया गया। मां चद्रघंटा भक्तों केभय और पीडाका निवारण करतीं हैं। देवी के स्वरूप की उत्पत्ति नवरात्रि के तीसरे दिनहोती है। यह रूप सभी प्रकार की अनूठी वस्तुओं कोदेने वाला तथा कई प्रकार की विचित्र दिव्या का प्रसारण करने वाला है। उनकी कृपा से व्यक्ति की शक्ति और दिव्याहोती है। कई तरह की खुशबुओं का एक साथ आनंद लेने में सक्षमहो जाता है। इस तरह से नवरात्रि में अलग-अलग स्वरूपों की पूजा कीजा रही है। नगर में जगह-जगह काफी लाइट लगाई गई है नगर को सजाया गया है। नगर पालिका परिषद को द्वारा सांफ स्वच्छ रखने में कोई कमी नहीं छोड़ी जा रही है।

## आज माता महाकाली और शुक्रवार को शैलपुत्री धाम में चढ़ाई जाएगी चुनरी

**माखन नगर।** एक्सीलेंस आर्यंस सेवा समिति द्वारा आवास कॉलोनी से गुरुवार दोपहर तीन बजे चुनरी यात्रा निकाली जाएगी शाम को एमपी एग्रो फार्मस्थित माता महाकाली को चुनरी चढ़ाई जाएगी वहीं शुक्रवार को सेनानी परिवार विट्ठलेश सेवा समिति लायंस क्लब एवं नगर वासियों के सहयोग से बालाजी मंदिर से चुनरी यात्रा निकाली रहा है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं प्रगति गोलाईत, म.नं. 30/145, नागपुर रोड, शंकर नगर, पांढुर्णा, घोषित करती हूं कि कक्षा 10वीं की मार्कशीट में माता-पिता के नाम गलत छपे हैं। सही नाम माता-नंदा गोलाईत, पिता- प्रशांत गोलाईत। कृपया रिकॉर्ड में सुधार करें।

## खबर संक्षेप

### महिला सशक्त वाहिनी कक्षा में दिया मार्गदर्शन

**हरदा।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित निःशुल्क सशक्त वाहिनी कक्षा में बुधवार को जिला कार्यक्रम अधिकारी अनुराग दुबे ने बालिकाओं को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने इस दौरान बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षा संबंधी रिजनींग, गणित एवं सामान्य ज्ञान पुस्तकें तथा पेन-कापी स्टेशनरी भी वितरित की। दुबे ने उपस्थित छात्राओं से कहा कि रोज न्यूज पेपर करेंट अफेयर पढ़े। उन्होंने इस दौरान बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं मे भाग लेने के लिए प्रेरित किया तथा पोषण संबंधी जानकारी दी। दुबे ने कहा कि स्वस्थ शरीर मे ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। अतः बालिकाएं पढ़ाई लिखाई के साथ अपने खानपान अपनी डाइट का भी ध्यान रखें क्योंकि पुलिस भर्ती जैसी परीक्षा में फिजिकल एक्टिविटीज भी करना होता है। साथ ही रीजनिंग, तर्क शक्ति एवं अन्य प्रकार की जानकारीयां बालिकाओं को दी। इस दौरान बालिकाओं को प्रतिदिन क्लास में उपस्थित रहने की समझाइश दी गई। शाखा प्रभारी शुभम बामने ने बताया कि महिला सशक्तवाहिनी की कक्षा सोमवार से शुक्रवार तक प्रतिदिन सुबह 8 से 10.30 बजे तक संचालित की जा रही है। शनिवार व रविवार को फिजिकल की तैयारी कराई जाती है।

### वाद-विवाद प्रतियोगिता की गई आयोजित

**हरदा।** सेवा पखवाड़ा अभियान में शासकीय आईटीआई हरदा में बुधवार को विकसित भारत विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पक्ष में सुरेंद्र जाटव ने प्रथम स्थान तथा अनिता धार्मिक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा विपक्ष में आयुष आचार्य ने प्रथम तथा रूपेश कावरे ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रशिक्षण अधिकारीगण राजकुमार मर्सकोले, नरेन्द्र बिले एवं केआर नागौरे उपस्थित रहे।

### पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री आज हरदा आएंगी

**हरदा।** मध्य प्रदेश शासन के पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर 25 सितम्बर को हरदा आएंगी। वे कार द्वारा भोपाल से हरदा के लिये प्रस्थान करेंगी तथा प्रातः 10.30 बजे हरदा सर्किट हाउस पहुंचेंगी। प्रातः 11 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम में सहभागिता करेंगी तथा दोपहर 12 बजे हरदा से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगी।

---

स्कूलों के परीक्षा परिणामों में अपेक्षित सुधार लाने के दिए निर्देश

# कलेक्टर ने रहटगांव में शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्थाएं देखीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव



कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने बुधवार को जिले के रहटगांव में शासकीय एकीकृत एलएन पालीवाल उच्चतर माध्यमिक शाला, सीनियर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, तहसील कार्यालय एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। शासकीय एकीकृत एलएन पालीवाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बच्चों की शैक्षणिक स्तर की जानकारी ली।

इस दौरान उन्होंने पिछले परीक्षा परिणामों पर चर्चा करते हुए कहा कि जिन विषयों में विद्यार्थी कमजोर हैं, उन विषयों के शिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए एवं परीक्षा परिणामों में अपेक्षित बेहतर प्रदर्शन किया जाए। उन्होने शिक्षकों से कहा कि वे विद्यार्थियों का होमवर्क अवश्य जांचें। विद्यार्थियों को भी समझाइश दी कि वे बगैर किसी संकोच के विभिन्न विषयों से संबंधित अपनी जिज्ञासाएं शिक्षकों के सामने रखें एवं उनका उचित समाधान करवाएं। कलेक्टर ने स्कूल में मिशन कोड शक्ति-हरदा से विद्यार्थियों को जोड़ने एवं इससे मिलने वाले फायदे पर भी कक्षाओं में पहुंचकर चर्चा की।

सिनियर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर यहां खेल मैदान बनवाने एवं विद्यार्थियों के लिये शतरंज व केरम जैसी खेलकूद सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। तहसील कार्यालय का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने आरसीएमएस में दर्ज प्रकरणों के निराकरण की स्थिति देखी। साथ ही अभिलेखागार, सायबर रूम एवं लोक सेवा केन्द्र का भी निरीक्षण किया। ई-ऑफिस व्यवस्था के तहत नस्तियों के प्रचलन की स्थिति का भी कलेक्टर ने निरीक्षण किया। साथ ही निर्देश दिये कि नस्तियों का मेन्यूल प्रचलन न किया जाकर ई-ऑफिस व्यवस्था से ही प्रचलन किया जाए। कार्यालय में प्राप्त होने वाली शिकायतों का निराकरण भी ई-ऑफिस के माध्यम से किया जाए। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के निरीक्षण के दौरान यहां कक्षाओं का निरीक्षण किया एवं परिसर में पौधरोपण भी किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुँचकर स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में भी कलेक्टर द्वारा जानकारी ली गई। भ्रमण के दौरान अनुविभागीय राजस्व अधिकारी संजीव नागू, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एचपी सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी डीएस रघुवंशी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

---

# कब्रिस्तानों में शवों से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा



कब्रिस्तानों में शवों के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी अय्युब खान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने हाल ही में कब्रों को खोदकर शवों के साथ अनैतिक हरकतें कर मुस्लिम समुदाय की धार्मिक भावनाओं को आहत किया था। इन घटनाओं को लेकर समुदाय में आक्रोश था और सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही थी।

पुलिस के अनुसार 17 मई 2025 को थाना मोघट रोड के ग्राम सिहाड़ा और हाल ही में शुक्रवार व रविवार को बड़े कब्रिस्तान थाना कोतवाली क्षेत्र में आरोपी द्वारा कब्र खोदने और शवों से छेड़छाड़ करने की घटनाएं सामने आई थीं। इस पर तीन अलग-अलग अपराध दर्ज किए गए थे। जांच के दौरान कब्रिस्तानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी गई और मुखबिर से मिली सूचना पर आरोपी अय्युब खान पिता इस्माईल खान उम्र 50 साल निवासी ग्राम मुंदवाड़ा थाना जावर जिला खंडवा को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि वह तांत्रिक क्रिया के लिए अमावस्या की रात हाल ही में दफनाई गई कब्र को चुनकर मिट्टी हाथ से खोदता था और शवों से छेड़छाड़ करता था। आरोपी ने स्वीकार किया कि 19 मई 2025 को बड़े कब्रिस्तान और ग्राम सिहाड़ा में भी वही घटनाएं उसने की थीं।

पुलिस ने बताया कि अय्युब खान पहले भी हत्या और चोरी जैसे गंभीर अपराध कर चुका है। वह अपनी दो पत्नियों की हत्या कर चुका है और पत्नी की हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काटने के बाद 15 मई 2025 को केंद्रीय जेल इंदौर से रिहा हुआ था। उसके खिलाफ कई गंभीर अपराध दर्ज हैं और अमानवीय कृत्यों को देखते हुए उस पर एनएसए के तहत कार्रवाई की गई है। गिरफ्तारी में अभिनव कुमार बारंगे, अशोक सिंह चौहान, मनोज सोनी, लतेश पाल सिंह तोमर, अमर प्रजापत, अरविंद सिंह तोमर, आलेश सिंह और राहुल सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

---

स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर हुए सख्त

# बैठक में अनुपस्थित खिरकिया के सीबीएमओ को कारण बताओ नोटिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को सभी बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का अनिवार्य रूप से फालोअप लेने के निर्देश दिये। उन्होने इस दौरान कार्य में लापरवाही बरतने तथा बैठक में अनुपस्थित रहने पर खिरकिया के सीबीएमओ डॉ. शैलेन्द्र ओरिया को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए नो वर्क नो पे के आधार पर 15 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने सभी बीएमओ को निर्देशित किया कि सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में समय पर पर्याप्त मात्रा में दवाईयां उपलब्ध कराई जाए। दस्तक अभियान के तहत चिन्हित सेवियर एनिमिया से पीड़ति बच्चों का प्रबन्धन नहीं होने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होने एसएनसीयू में भर्ती बच्चों का कम्यूनिटी एवं फेसिलिटी फालोअप लेने के भी निर्देश अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने बैठक में सेवा पखवाड़ा के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया सभी अधिकारी अभियान के तहत सभी आवश्यक एन्ट्री पोर्टल पर दर्ज कराना सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर श्री जैन ने अंधत्व निवारण कार्यक्रम, टीबी, मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु दर की समीक्षा, एनसीडी सहित अन्य कार्यक्रमों की भी समीक्षा की।

---

# पिछले 24 घंटों में जिले में 10 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 10 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 19.1 मि.मी., टिमरनी में 12.2 मि.मी., खिरकिया में 4.2 मि.मी., सिराली में 0.5 मि.मी. तथा रहटगांव में 14 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 1103.9 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 988.7 मि.मी., टिमरनी में 1239.7 मि.मी., खिरकिया में 1139.9 मि.मी., सिराली में 1151 तथा रहटगांव में 1000.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 24 सितम्बर तक 996.1 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

---

# आगामी त्योहारों को लेकर पुलिस ने बैठक आयोजित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा




आगामी नवदुर्गा और दशहरा उत्सव को लेकर पुलिस उप महानिरीक्षक निमाड़ रेंज खरगोन सिद्धार्थ बहुगुणा ने बुधवार को पुलिस कंट्रोल रूम में बैठक ली। बैठक में पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी, महेंद्र तारनेकर, नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव कुमार बारंगे, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल सिंह चौहान, एसडीओपी मूंदी मनोहर गवली, एसडीओपी हरसूद लोकेंद्र सिंह ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक अजाक महेश दुबे, उप पुलिस अधीक्षक यातायात अनिल कुमार राय सहित जिले के सभी थाना और चौकी प्रभारी मौजूद रहे।

बैठक में निर्देश दिए गए कि दुर्गा उत्सव, गरबा, चुनरी यात्रा, आरएसएस पथ संचलन, रावण दहन, नवदुर्गा विसर्जन और चल समारोह के दौरान सुरक्षा और कानून व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही और बाउंड ओवर की कार्रवाई की जाएगी। थाना और बीट स्तर पर शांति समिति एवं मोहल्ला समिति की बैठकें कराई जाएंगी तथा दुर्गा पंडाल आयोजकों से समन्वय किया जाएगा। दुर्गा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे और वॉलेंटियर्स की व्यवस्था करने, बिजली कनेक्शन की जांच करने, आग और विद्युत दुर्घटना से बचाव की तैयारी करने के निर्देश दिए गए। विसर्जन स्थल पर प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी और गोताखोरों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। त्योहारों के दौरान सभी अधिकारी और पुलिस स्टाफ सतत भ्रमण पर रहेंगे।

सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखने और आपत्तिजनक पोस्ट वायरल करने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। विसर्जन जुलूस में आपत्तिजनक नारे और गानों का उपयोग वर्जित रहेगा। लाउडस्पीकर और डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा, केवल अनुमति अनुसार दो बॉक्स का उपयोग किया जा सकेगा। गरबा पंडालों में पारंपरिक गीत ही बजाने के निर्देश दिए गए। महिलाओं की सुरक्षा के लिए दुर्गावाहिनी का गठन किया गया है। दुर्गावाहिनी प्रमुख टीम के साथ शहर के प्रमुख स्थानों और पंडालों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करेगी। पुलिस अधिकारियों ने साफ कहा कि साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी।

---

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविरों का हुआ आयोजन




**हरदा।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत बुधवार को जिले के ग्राम हसनपुरा, खामापड़वा, मसनगांव, अबगांवखुर्द, धौलपुरखुर्द, पानतलाई, कुकरावद, धूपकरण, पीपल्या, जिजगांवखुर्द, झुण्डगांव सहित 78 गांवों में स्वास्थ शिविर आयोजित किए गए । शिविर में स्वास्थ विभाग के दल ने निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श दिया। शिविर में आयुष्मान कार्ड, आभा आईडी निर्माण, असंचारी रोगों की स्क्रीनिंग, एनीमिया एवं सिकल सेल रोगों तथा क्षय रोग सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं दी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि इन शिविरों में कुल 6862 नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान 337 महिलाओं का ए.एन.सी. चेकअप, 4517 लोगों की हिमोग्लोबिन, 3102 लोगों की हायपरटेंशन व शुगर व 328 लोगों की टीबी की जांच की गई तथा 198 बच्चों का टीकाकरण किया गया। शिविर में 165 आयुष्मान कार्ड बनाये गये। इस दौरान आयोजित रक्तदान शिविर में 3 लोगों ने रक्तदान किया।

---

सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति बाजार चौक में देर रात तक चला कवि सम्मेलन

# नवरात्रि उत्सव के दौरान कवियों ने खूब लगवाए ठहाके



**रहटगांव।** सोडलपुर ग्राम के सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति बाजार चौक में नवरात्रि उत्सव के दौरान बीती रात्रि आरती के बाद विराट कवि सम्मेलन का आयोजन समिति द्वारा रखा गया। जिसमें विदिशा के कवि संतोष सागर ने मंच संचालन करते हुए जनता को खूब हंसाया। नर्मदापुरम की कवयित्री मंगला केवट बुदनी के कवि संदीप गुरु टिमरनी हास्य कवि मुकेश शांडिलय हरदा हास्य कवि लोमेश गौर बालकवि दुहित गौर टिमरनी के कवि मनीष सोनकिया नर्मदा पुरम के हास्य कवि सुनील भिलाला ने देर रात तक शानदार कविताओं सहित हास्य रंगों से सबका मनमोहन और खूब ठहाके लगवाए। समिति के पदाधिकारी ने समस्त कवियों का सम्मान किया। कवि सम्मेलन को सुनने बड़ी संख्या में गांव सहित आसपास के ग्रामीण देर रात तक उपस्थित रहे। कवियों ने अपने अंदाज में उपस्थित स्त्रोतों को खूब हंसाया। कवि मुकेश शांडिल की मां के कारण मेरे घर में रोज दिवाली है कविता पर लोगों ने खूब आशीर्वाद प्रदान किया। नवदापुरम के हास्य कवि सुनील भिराला ने आल्हा छंदों के माध्यम से युवाओं को नशे की आदत से दूर करने हेतु शानदार छंद पढ़ें। बालकवी दुहित गौर को भी उपस्थित श्रोताओं ने खूब आशीर्वाद दिया। देर रात तक चले कार्यक्रम में कवियों ने हास्य परिहास के माध्यम से लोगों को गुदगुदाया वही अच्छी कविताओं के माध्यम से उपस्थित जन समुदाय को मार्गदर्शन भी किया।

---

# मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर की चालानी कार्रवाई




**हरदा।** जिले में विशेष चेकिंग अभियान आयोजित कर वाहनों को चेक किया जा रहा है। जिला परिवहन अधिकारी राकेश अहाके ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान बकाया कर, बिना पंजीयन, अस्पष्ट रूप से पंजीयन क्रमांक अंकित होने, बिना बीमा, बिना पीयूसी, बिना फिटनेस और बिना परमिट के संचालित यात्री बस, स्कूल बस, ऑटो रिक्शा एवं लोडिंग वाहन, डम्पर वाहनो की चेंकिग की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को चेकिंग अभियान के दौरान बसों व अन्य वाहनों को चेक किया गया। कार्यवाही के दौरान 4 यात्री बसों को बगैर परमिट, बिना व्हीएलटीडी, बिना एसएलडी एवं अन्य 10 वाहनों पर मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करने पर नियमानुसार चालानी कार्यवाही की गई। इस दौरान कुल 21 हजार रूपये समन शुल्क वसूल किया गया। इस दौरान वाहन चालको को नियमों का पालन करते हुए वाहन संचालन की हिदायत दी गई।

---

# ब्रह्म मुहूर्त में गायत्री साधना और यज्ञ से गूंज रहा शक्तिपीठ



**खंडवा।** शारदीय नवरात्र पर्व के पावन अवसर पर लोक कल्याण की भावना के साथ प्रतिदिन प्रातः 4 बजे से गायत्री शक्तिपीठ परिजनों और गायत्री साधकों द्वारा वेदमाता गायत्री महाशक्ति की साधना और यज्ञ किए जा रहे हैं। जिला सहसमन्यवक अधिवक्ता देवेंद्र सिंह यादव ने बताया कि नवरात्र पर्व में ब्रह्म मुहूर्त में शक्तिपीठ पर होने वाली सामूहिक गायत्री साधना विशेष फलदायी होती है। इसी कारण बड़ी संख्या में परिजन और श्रद्धालुजन प्रतिदिन शक्तिपीठ पहुंचकर गायत्री मंत्र जप, साधना और यज्ञ में सहभागिता कर रहे हैं। यह आयोजन प्रबंध ट्रस्टी आनंदीलाल सोनी के मार्गदर्शन में संपन्न हो रहा है। सोनी ने बताया कि यज्ञ के साथ संस्कार भी कराए जा रहे हैं। आगामी 1 अक्टूबर को दुर्गा नवमी के अवसर पर दीक्षा संस्कार भी संपन्न होंगे।

---

गोराखाल जलप्रपात को भी पर्यटन के नक्शे पर लाया जाएगा

# जोगा से हनुवंतिया तक पर्यटन जलमार्ग विकसित करने के लिए प्रयास होंगे

जिला पर्यटन विकास समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में बुधवार को जिला पर्यटन विकास समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के एतिहासिक स्थल जोगा से हनुवंतिया तक पर्यटन जल मार्ग विकसित करने की कार्ययोजना तैयार करने पर चर्चा की गई। साथ ही जोगा तक आने वाले पर्यटकों को गोराखाल जलप्रपात तक आकर्षित करने की व्यवस्था पर विचार किया गया। बैठक में भोपाल से आए पर्यटन विकास से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि जोगा को जल पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के साथ-साथ यहां वर्डवाचिंग, सायकिलिंग की भी पर्यटकों को सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही यहां जैव विविधता से भी पर्यटकों को परिचित कराया जाएगा। हनुवंतिया से आगे पर्यटकों को ओंकारेश्वर एवं महेश्वर तक भ्रमण करने के लिये सुविधा दी जाएगी। जोगा में नाइट स्टे, किला भ्रमण, वाटर स्पोर्टस जैसे पर्यटन विकास के कार्य भी कराए जायेंगे। बैठक में हंडिया एवं खुदिया में होम स्टे निर्माण की स्थिति की भी जानकारी दी गई।

इस दौरान जिले के भ्रमण पर आये संचालक कौशन बी.पी. सिंह, संयुक्त संचालक एडवेंचर्स स्पोर्टस एस.के. श्रीवास्तव, वाटर टूरिज्म के सलाहकार राजेन्द्र निगम ने कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के साथ उपरोक्त विषयों पर विचार विमर्श कर जोगा पर्यटन स्थल का भी भ्रमण किया गया। बैठक में संयुक्त कलेक्टर सतीश राय सहित जिला पर्यटन विकास समिति के सदस्य डॉ. प्रभुशंकर शुक्ला, देवेन्द्र दुआ एवं डॉ. उमेश शर्मा भी मौजूद थे।

---

# जागरुकता कार्यक्रम संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं खाद्य सुरक्षा विभाग बुधवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान आशा कार्यकर्ताओं को खाद्य पदार्थों में फोर्टीफिकेशन तथा मिलेट्स बाजरा, ज्वार, रागी, कुटकी, कोदू जैसे खड़े अनाज की जानकारी दी गई। इस दौरान उन्हें अनाज से होने वाले लाभों के बारे में बताया गया तथा चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम खाद्य पदार्थों में होने वाली मिलावट की जांच के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डीसीएम सोनाली सेन, एपीएम मदन मोहन मालवीय, खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेंद्र कांबले, केमिस्ट हेमंत कीर के साथ अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।